संक्षिप्त

मालविका को सम्मानित किया

निवाई, (निसं)। गांव मुण्डिया बाढ़ दामोदरपुरा की छात्रा मालविका मीना को राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को सम्मानित किया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के अधीन एसटी विल्फ्रेड गर्ल्स कॉलेज की छात्रा मालविका मीना ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में बी.कॉम में 80 प्रतिशत के साथ टॉप किया था। छात्रा की इस उपलब्धि पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने जेठमल काबरा गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई और सांगानेर के केंद्रीय विद्यालय से की थी। छात्रा के पिता कमलेश मीणा सीमा सुरक्षा बल के उप समादेष्टा पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर कॉर्पोरेट में काम कर रहे हैं।

चाईनीज मांझे को लेकर निरीक्षण

खाटूश्यामजी, (निसं)। मकर संक्रांति पर चाईनीज मांझे की होने वाली बिक्री को लेकर नगरपालिका प्रशासन सतर्क है। नगरपालिका प्रशासन ने लेखाकार विष्णु जांगिड़ के निर्देशन में तथा स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह चंदेलिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की है। सोमवार को टीम ने कस्बें में पतंगों की दुकानों पर श्रुति धागों के स्थान पर चाईनीज मांझे या अन्य टाक्सिक सिंथेटिक सामग्री युक्त आयरन पाउडर से बने मांझे को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान खाटूश्यामजी में किसी भी दुकान पर चाईनीज मांझे नहीं मिले।

10 दिव्यांगजनों को स्कूटी भेंट की

अलवर, (निसं)। शहर विधायक संजय शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप में आयोजित कार्यक्रम में विधायक निधि कोष से 10 दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटी भेंट कर चांबी सौंपी। शहर विधायक शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण एवं उन्हें मुख्यधारा से जोडने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका लाभ उठावे।

कांग्रेस की विचारधारा से ही महिलाओं को हर क्षेत्र में समानता का दर्जा मिला है: परसादी

- महिला कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय का किया उद्घाटन

लालसोट, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय एवं नवनिर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की देने ही महिलाओं को हर क्षेत्र में समकक्ष दर्जा मिला है एवं महिला सशक्तिकरण का सपना साकार हुआ है।

आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूरदर्शिता एवं कांग्रेस पार्टी की देन है कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र में आरक्षित कर पुरुषों के बराबर भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को अग्रणी एवं कुशल बनाने के लिए कई प्रभावी योजनाओं को धरातल पर चला रखा है।

इससे पूर्व चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं विधिवत मंत्रोच्चार के बीच छात्र संघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं नवनियुक्त महिला महाविद्यालय की अध्यक्ष को कार्यभार ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि कांग्रेस सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ महिला के अधिकारों को एवं उसकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र एवं प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा ने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कांग्रेस की गहलोत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के साथ विगत समय में महिला साक्षरता के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कारगर साबित हुई है। इस छात्र संघ कार्यालय एवं नवनियुक्त छात्रसंघ अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार परमार द्वारा कॉलेज व्यवस्थाओं से जुड़ा प्रतिवेदन पेश किया गया।

छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन व पदभार ग्रहण समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ राजकुमार सिंह परमार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद राडा पालिका उपाध्यक्ष संतोष स्वामी छात्रा संघ अध्यक्ष सुनीता सैनी उपाध्यक्ष प्रिया सेन महासचिव सोनाली सेन सहित रीना सेन प्रोफेसर राम खिलाड़ी मीणा एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रोहित मीणा प्रधान रामगढ़ पचवारा कौशल्या मीणा सहित कालेज परिवार से जुड़े कई शिक्षक एवं छात्राएं एवं अतिथि आदि मौजूद रहे।

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने महिला कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय का उद्घाटन कर नवनियुक्त अध्यक्ष को पदभार ग्रहण कराया।

विधायक खैरिया व प्रधान का अभिनंदन किया

- विधायक ने कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया

खैरथल, (निसं)। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया व पंचायत समिति के प्रधान बीपी सुमन का जिलोता सरपंच रसीदन मानखां द्वारा चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया गया।

विधायक खैरिया को मुकूट के अलावा 11000 रुपए की नोटों की माला व चांदी का सिक्का और सुमन को सिक्का भी दिया गया। सरपंच प्रतिनिधि जैकम खां ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक के मीडिया प्रभारी सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि विधायक सोमवार को जिलोता में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करने पहुंचे थे। उन्होंने पास के गांव श्यामाका में कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, बोरिंग सहित कुल 66 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जबकि पिछले दिनों खैरथल आगमन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी इस क्षेत्र में 71 विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन व शिलान्यास किया था। विधायक खैरिया ने सरपंच प्रतिनिधि जैकम खां के विकास कार्यों में विशेष रुचि लेने की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने जरुरतमंद महिलाओं को ऊनी कंबल भी बांटे एवं ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।

सार्वजनिक सूचना

क्र.सं. 07 दिनांक- 5.01.2023

दि. 11.12.2022 को खारोल (खारवाल) समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन डिग्गी (मालपुरा) टोंक राज. की बैठक 11.12.2022 को हुई जिसमें सात सदस्यीय प्रबंधकारिणी समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिस प्रकार हैं।

(1) श्री लालाराम खारोल पुत्र श्रवणलाल खारोल नि. लावा अध्यक्ष, (2) श्री रामानन्द खारोल पुत्र भूरालाल खारोल नि. मवीपुरा उपाध्यक्ष, (3) श्री भागचन्द खारोल पुत्र सूजाराम खारोल नि.भवानीपुरा मंत्री सचिव, (4) श्री राजाराम खारोल पुत्र धन्नालाल खारोल नि. देवपुरा कोषाध्यक्ष, (5) श्री डॉ. सुनील कुमार खारवाल पुत्र रामरतन खारवाल नि. मापुरा संगठन मंत्री, (6) श्री नाथू खारोल पुत्र बुवना खारोल नि. लावा प्रचार मंत्री, श्री जयप्रकाश पुत्र प्रेमप्रकाश खारोल नि. मालपुरा सदस्य।

लालाराम, अध्यक्ष, खारोल (खारवाल) समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, डिग्गी

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई–निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। 1, **निविदा संख्या/कार्य का नामः** इंजी./जय/ 2022–23/148, वरि.मं. इन्जी. (मुख्या.) के कार्य क्षेत्र में एस. ई. जें एवं टंग रेल 60 KG / 52 KG की रेल को रिकण्डशनिग करने का कार्य, **अनुमानित लागतः** ₹1300886/–, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹26000.00, 2, **निविदा संख्या/कार्य का नामः** इंजी./ जय/ 2022–23/149, वरि.मं.इन्जी. (मुख्या.) के कार्य क्षेत्र में जयपुर यार्ड में वॉशऐबल एप्रीन प्लेट फॉर्म की लाइन संख्या 1, 2, 3, 4, एवं 5 की थ्रू रिपेयर करने का कार्य, **अनुमानित लागतः** ₹17298074/–, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹236500.00, 3, **निविदा संख्या/कार्य का नामः** इंजी./जय/2022–23/150, जयपुर गणपति नगर कॉलोनी जयपुर में के. पी. सिंह स्टेडियम एंव क्रिकेट ग्राउंड की रिपेयर एवं मेंटेनेंस का कार्य, **अनुमानित लागतः** ₹ 652519/–, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹13100.00. 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड – मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा इंजी. /जय/2022–23/148 से इंजी./जय/ 2022–23 /150 की बन्द होने की तिथि 30.01.2023 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 30.01.2023 समय 16. 00 बजे। 19-PR/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अघोषित विद्युत कटौती से आमजन परेशान

बोराज, (निसं)। कस्बे के 33 केवी सब ग्रिड स्टेशन के अधीन आने वाले दर्जनों गांवों में पिछले 20–22 दिनों से घंटों सुबह शाम विद्युत सप्लाई गुल रहने से आमजन के साथ व्यापारी वर्ग व विद्युत आधारित कारखाने व दुकानदारों का व्यवसाय सफर कर रहा है, धंधा कम होने को लेकर वह परेशान हैं, सुबह शाम की कटौती से घरेलू उपभोक्ता व ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। मीणा समाज अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मीणा, रामपाल जाटोलिया, भैरू लाल चौधरी, शंकर सिंह शेखावत ,बजरंग सांखला , सुरेंद्र धाभाई ने बताया कि सोमवार को प्रातः 9 बजे गुल हुई बिजली सांयकाल 4 बजे तक नहीं आई ऐसे में परेशान ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाकर ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही कटौती को बंद कर शीघ्र सुचारू विद्युत आपूर्ति करवाने की मांग की है।

भामाशाह ने दो हजार छात्र–छात्राओं को ऊनी कपड़े बाटें

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित भामाशाह बिरदी चन्द गोयल के द्वारा सोमवार को राजकीय व निजी स्कूलों में छात्र छात्राओं को ऊनी कपड़े वितरित किए गए।

भामाशाह के द्वारा धिनोई, कानरपुरा, विमलपुरा, ढोढसर, मलिकपुर सहित आधा दर्जन स्कूलों में लगभग 2 हजार ऊनी कपड़े वितरित किए गए। भामाशाह का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर माला पहना कर स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। गौरतलब है कि चौंमू विधानसभा क्षेत्र में लगातार कई वर्षों से भामाशाह बिरदी चन्द गोयल स्कूलों के छात्र छात्राओं को स्कूल ड्रेस, प्रोत्साहन राशि, मेडल, पेन, पेंसिल, जूते, ऊनी कपड़े वितरित करते आ रहे हैं। वहीं कई स्कूलों में तो भामाशाह ने प्रिंटर भी भेंट किया है। इस दौरान प्रधानाचार्य नवीन कुमार शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, यज्ञाचार्य बुद्धि प्रकास शास्त्री, सुरेश जांगिड़, अर्जुन जांगिड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

भामाशाह बिरदी चन्द गोयल ने स्कूल के छात्र–छात्राओं को ऊनी कपड़े वितरित किये।

अतिक्रमण हटाने की मांग

नरैना, (निसं)। वार्ड पार्षद सावित्री देवी स्वामी, विजय माचीवाल, राम प्रसाद बागड़ा ने नरैना सांभर फुलेरा रोड स्थित गौशाला के सामने हुए अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राकेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

पार्षदों ने बताया कि गौशाला के सामने अभी हाल ही में हुई चारदिवारी के पास दक्षिण दिशा में कुछ लोगों ने सरकारी भूमी पर पुख्ता निर्माण शुरू कर अतिक्रमण कर लिया है इस विषय को लेकर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सोंपकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 1/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री प्रवीण कुमार शर्मा पुंत्र श्री भानु दत्त शर्मा निवासी 1483 लुहारों की गली चौडा रास्ता जयपुर-302002 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत यूनियन फुटबाल क्लब जयपुर, 2959 मंदिर श्री सीतारामजी श्री कल्याणजी सवाईमानसिंह हाईवे (चौडा रास्ता) 302002 प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से सात दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 4.1.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 13.03.2023

मोहर अदालत

रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

युवा दिवस पर निकलेगी तिरंगा यात्रा

- आसमान में छोड़े जाएंगे 5 हजार बैलून

श्रीमाधोपुर, (निसं)। युवा ग्रामीण लीग श्रीमाधोपुर 22 – 23 के आयोजन को लेकर गीतांजलि हॉस्पिटल अजीतगढ़ के डॉक्टर मंगल यादव ने श्रीमाधोपुर में प्रेस वार्ता कर संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

डॉ. यादव ने बताया कि 'चलो मैदान की ओर' थीम को लेकर 'मेरा राजस्थान युवा राजस्थान' का आयोजन 12 जनवरी गुरुवार को प्रातः 9 बजे स्थान खेल मैदान राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर में किया जाएगा। जिसमें पुरुष वर्ग के 1600 मीटर, बालिका दौड़ प्रतियोगिता 800 मीटर, वृद्धजन दौड़ प्रतियोगिता 100 मीटर रखी गयी हैं। जिसकी जानकारी देते हुए डॉ यादव ने बताया यह आयोजन गीतांजलि हॉस्पिटल अजीतगढ़, दीवा फाउंडेशन, डीआर स्पोर्ट्स अकैडमी अजीतगढ़, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस मं डॉक्टर मंगल यादव, एन आई एस कोच अनुराग मंगावा, लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष सीताराम सैनी,राहुल राठौर, दिनेश डोडवाडीया, अंकित खेरवा ,जितेंद्र यादव, महेंद्र गुर्जर, नरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

डॉ यादव ने बताया कि पुरुष वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में अव्वल करने वाले प्रतिभाओं को प्रथम स्थान 11 हजार रुपये टी–शर्ट मोमेंटो, द्वितीय स्थान 51 सौ रुपए टी–शर्ट मोमेंटो, तृतीय स्थान 21 सौ रुपए टी–शर्ट मोमेंटो, चतुर्थ व पंचम स्थान 11 सौ रुपए टीशर्ट मोमेंटो, 6 से 10 स्थान प्राप्त कर्ताओं को कुल 500 टी–शर्ट मोमेंटो, 11 से 20 स्थान पर रहने वाले 200 प्रतिभागियों को टी–शर्ट, मोमेंटो तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को एक सौ रुपये व टी–शर्ट दिए जाएंगे। वृद्धजन दौड़ प्रतियोगिता में 100 मीटर में आयु 50 वर्ष से अधिक रहेगी, प्रतिभागियों को सफेद धोती कुर्ता पहन कर आना अनिवार्य है।

सांसद मीणा ने मृतक विकास के परिजनों से मुलाकात की

- नगर परिषद् की कार्रवाई का जायजा लिया

कोटपूतली, (निसं)। सोमवार को भाजपा की जन आक्रोश महासभा को सम्बोधित करने कोटपूतली पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा से सभा स्थल पर मृतक विकास प्रजापति हत्याकाण्ड के मामले में खुलासे के लिए धरना दे रहे पीड़ित परिवार समेत संघर्ष समिति के लोग भी मिलने के लिए पहुंचे।

कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने विकास प्रजापति को न्याय दो की तख्तियां लहराते हुए सभा स्थल पर पहुंचकर डॉ. किरोड़ी लाल मीणा से मुलाकात की। गौरतलब है कि विगत 4 नवम्बर 2022 की रात्रि को कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी युवक विकास प्रजापति (20) की संदिग्ध अवस्था में हुई मृत्यु के मामले में परिजन व संघर्ष समिति के लोग विगत 20 दिनों से कस्बे के आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर के रामलीला मंच पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी अथवा सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। सोमवार को कोटपूतली आये डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सभा के बाद धरना स्थल पर कूच किया। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मामले में शीघ्र खुलासे की मांग को लेकर एसडीएम ऋषभ मण्डल को भी ज्ञापन सौंपा। इसके बाद डॉ. मीणा ने उपखण्ड कार्यालय में बंद कमरे में एसएचओ सवाई सिंह, एसडीएम ऋषभ मण्डल व तहसीलदार अभिषेक सिंह से चर्चा भी की। डॉ. मीणा ने कहा कि मामले को लेकर मंगलवार को डीजीपी उमेश मिश्रा से मुलाकात करेंगे।

इस दौरान एएसपी विधा प्रकाश सहित भारी पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा। इस मौके पर कुम्हार महासभा प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा, बनवारी लाल बासनीवाल, पूरणमल भरगड़ समेत संघर्ष समिति के सदस्य व कुम्हार महासभा के लोग भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर डॉ. मीणा ने लगभग एक घण्टे तक कस्बे की सडकों पर घूमकर नगर परिषद् द्वारा रास्ते चौड़े करने को लेकर की गई कार्यवाही का जायजा लिया।

23 युवाओं ने रक्तदान किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। सोमवार को स्व.अर्जुन लाल यादव निवासी अणतपुरा–चिमनपुरा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा चौंमू के ममता ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक रामलाल शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान ही वास्तविक प्राणदान हैं। इस अवसर पुत्र भँवर केशवा सहित 23 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, काना खेरवाल, भँवर यादव, जयपुर नगर निगम पार्षद सुनिल सैनी, ताराचन्द यादव, जितेन्द्र कुमावत, मनोज कुमावत, अर्जुन कुमावत, राहुल जाँगिड, राजेन्द्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ग्राम इकाई का गठन

पावटा, (निसं)। तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक कर ग्राम ललाना में ग्राम इकाई का गठन किया।

जिसमें संरक्षक प्रह्लाद सहाय शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष पद के लिए श्यामसुंदर, वशिष्ठ महामंत्री पद के लिए दिनेश शर्मा को मनोनीत किया है।

सॉफ्टबॉल टीम में चार जनों का चयन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के चार विद्यार्थियों का चयन पुरुष व महिला वर्ग की विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल टीम में हुआ है। कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला वर्ग में तीन खिलाड़ियों का तथा पुरुष वर्ग टीम में एक खिलाड़ी का चयन विश्विद्यालय सॉफ्टबॉल टीम में हुआ है। खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी व सुशीला देवी द्वारा माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान स्वागत कर सम्मानित किया गया। साथ ही शारीरिक शिक्षक रामसिंह जाट का भी सम्मान व स्वागत किया गया। राकेश शर्मा ने बताया कि निशा सामोता पुत्री दानाराम निवासी मऊ, मोनिका कुमावत पुत्री बाबूलाल कुमावत निवासी मऊ, मीनू कुमारी पुत्री राजेंद्र प्रसाद निवासी नांगल भीम तथा पुरुष वर्ग में जतिन बागोरिया पुत्र मूलचंद बागोरिया निवासी श्रीमाधोपुर का चयन विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल टीम में हुआ है।

15 लाख की फिरौती मांगने वाला मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

फुलेरा, (निसं)। 15 लाख की फिरौती मांग कर जान से मारने की धमकी देने की गंभीर घटना को मध्य नजर रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय के द्वारा पुलिस की विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस की गठित टीमों द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य करते हुए एवं मुखबिर की सूचना के आधार आरोपी के संबंध में आसूचना एकत्रित की गई। जबकि आरोपी अपनी उपस्थिति छुपाकर बार–बार ठिकाना बदल रहा था। गठित टीम द्वारा तकनीकी व संकलित और सूचनाओं के आधार पर आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत उर्फ सतपाल सिंह भारिजा को बागेश्वर धाम, मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय ने बताया कि फरियादी धन्ना लाल चौधरी ने 24 दिसंबर 2022 को थाने पर मामला दर्ज कराया कि मुझे मोबाइल फोन पर सतपाल सिंह भारिजा द्वारा 15 लाख की फिरौती मांग कर जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीमों का गठन कर आरोपी की जगह जगह पर तलाश करते हुए आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत उर्फ सतपाल सिंह भरिजा पुत्र दरियाव सिंह जाति राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी भारिजा थानाक्षेत्र दातारामगढ़ जिला सीकर, हाल निवासी 94 ई जगदम्बा नगर रावण गेट थाना करधनी जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया।

फुलेरा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

भंडारे में मुख्यमंत्री शामिल होंगे

बौंली, (निसं)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत झनुण के अंतर्गत भेडोली गांव के पास संत आश्रम पर ब्रह्मलीन जय शिवानंद महाराज के 15वें निर्माण महोत्सव में मंगलवार को विशाल भंडारे का धार्मिक आयोजन होगा।

इस धार्मिक आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी करीब 2 बजे शामिल होंगे। भेडोली आश्रम के संत नित्यानंद महाराज के निर्देश पर क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा व अन्य आश्रम से जुड़े भक्तजनों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया था इस पर मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी डॉ देवाराम सैनी ने एक आदेश जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर से करीब विशेष विमान से स्वामी शिवानंद जी महाराज के 15वें निर्माण दिवस पर विशाल जन समारोह में भाग लेंगे एवं 3 बजे वापस जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इस विशाल भंडारे में करीब 1लाख श्रद्धालुओं के लिए पंगत प्रसादी तैयार हो रही है जिसमें 150 हलवाई 4 जनवरी से ही प्रसादी बनाने में लगे हुए हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	22226137	सम्पत्ति पर ऋण	1. कालू राम मीना 2. राजू कालू	28.12.2022	22,37,334.86/-	प्लाट, पट्टा नं. 20, क्षेत्रफल 280 वर्ग गज, ग्राम पंचायत टोडाभाटा, पंचायत समिति बस्सी, जिला जयपुर, राजस्थान-303301 का पूरा एवं प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-40' स्वयं भूमि और श्री हरिनारायण की भमि, उत्तर-40' स्वयं भूमि और श्री रामदयाल की भूमि, दक्षिण-श्री सुखदेव का मकान

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को विक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 10.01.2023
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति ''विशिष्ट श्रेणी'' अलवर (राजस्थान)

क्रमांक- 2524-33 दिनांक- 5.1.2023

कृषि उपज मण्डी समिति, अलवर के मुख्य मंडी प्रांगण में चिन्हित एवं रिक्त भूखण्डों का अचल सम्पत्ति आवंटन नीति 2005 के बिन्दु संख्या 7(1) एवं 16(2) के अन्तर्गत द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरण के अन्तर्गत आवंटन हेतु पात्र आवेदकों की अस्थाई पात्रता सूची

मुख्य मंडी प्रागंण अलवर में अधिसूचित कृषि जिन्सों के व्यवसाय हेतु चिन्हित एवं रिक्त भूखण्डों/दुकानों को 99 वर्षीय लीज पद्धति पर द्वितीय एवं पश्चावर्ती चरण के आवंटन हेतु विज्ञप्ति क्रमांक 1432-66 दिनांक 03.08.2